प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 13.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने ग्रेस मार्क्स वाले नीट यूजी उम्मीदवारों का स्कोर कार्ड किया रद्द, इन्हें दोबारा परीक्षा देने का मिलेगा मौका।

2. भाजपा नेता पेमा खांडू ने लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की ली शपथ।

3. भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों का तबादला, मनीष रंजन को भवन निर्माण, चंद्रशेखर को राजस्व निबंधन और अरवा राजकमल को नगर विकास एवं आवास विभाग का प्रभार।

4. पलामू और कोल्हान प्रमंडल में आज और कल भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी, 17 जून के बाद राज्य के कुछ हिस्सों में हो सकती है बारिश।

***********************

नीट यूजी 2024 में ग्रेस मार्क्स पाने वाले एक हजार पांच सौ तिरसठ उम्मीदवारों के स्कोर कार्ड रद्द किए जाएंगे। यह जानकारी केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी। केंद्र ने कहा कि जिनके स्कोर कार्ड रद्द होंगे, उन्हें फिर से परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में आज नीट यूजी के परीक्षा परिणाम को चुनौती देने वाली तीन याचिकाओं पर सुनवाई हो रही है। ये याचिकाएं चार जून को रिजल्ट आने के बाद दाखिल की गई थीं। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि जिन एक हजार पांच सौ तिरसठ छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए थे, उन्हें 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा।

***********************

भाजपा नेता पेमा खांडू ने आज लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके बाद चाउना मीन ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन ईटानगर स्थित दोरजी खांडू कन्वेशन सेंटर में किया गया। समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हुए। इससे पहले कल ईटानगर में हुई बैठक में खांडू को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। इसके बाद खांडू सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राज्यपाल केटी पटनायक से मिले थे।

***********************

कुवैत की इमारत में हुए अग्निकांड के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना में कुल उनचास लोगों की मौत हुई थी और कई अन्य घायल हुए हैं। कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्लाह अल यहिया और स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर अहमद अल अवाजी ने अस्पताल जाकर दुर्घटना में घायल लोगों का हालचाल पूछा और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देष दिया। इस बीच केरल के प्रवासी भारतीयों से जुड़े संस्थान ने दुर्घटना के पीड़ितों के लिए विशेष सहायता डेस्क स्थापित किया है। जिसके टोल फ्री नम्बर चौबीस घंटे उपलब्ध हैं।

***********************

झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉउंड्रिंग मामले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर आज फिर से सुनवाई होगी। कल दो घंटे से अधिक चली बहस में सुनवाई पूरी नहीं हो पायी थी। इसके बाद अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए आज की तिथि निर्धारित की थी। इससे पहले कल हुई सुनवाई में ईडी के वरीय अधिवक्ता एसवी राजू ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पक्ष रखते हुए अदालत को बताया कि बड़गाई अंचल की आठ एकड़ छियासी डिसमिल जमीन पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का ही कब्जा है।

***********************

जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बताया कि उनके क्षेत्र अंतर्गत परसुडीह के त्रिवेणी चौक से कोचाकुली एवं नमोटोला अग्रवाल कॉलोनी में जल्द ही सड़क का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज सुबह आरईओ विभाग के इंजीनियर के द्वारा सड़क की मापी कराई गई है एवं जल्द से जल्द डीपीआर बनाकर सड़क निर्माण के लिए टेंडर निकाला जाएगा। इससे पूर्व स्थानीय लोगों ने विधायक को क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी दी थी। जिसके बाद आज विधायक ने क्षेत्र भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की।

**********************

केंद्र द्वारा अधिसूचित तीन नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा और भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई से राज्य में लागू होंगे। आम लोगों को इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी देने के लिए आज रांची के प्रेस क्लब में पत्र सूचना कार्यालय द्वारा ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी राजेश सिन्हा ने जानकारी दी कि नए कानून में आम लोगों के लिए ई–एफआईआर का प्रावधान है।

**********************

रामगढ़ में यात्रियों की सुविधा के लिए भगवान बिरसा मुंडा बस टर्मिनल को विकसित किया जा रहा है।

**********************

झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव मनीष रंजन को अगले आदेश तक भवन निर्माण विभाग के सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं चंद्रशेखर को राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग का सचिव बनाया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल को अपने कार्यों के अलावा नगर विकास एवं आवास विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

**********************

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर ताड़ासन का एक वीडियो साझा किया है। वीडियो में इस आसन के स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया गया है। वीडियो साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ताड़ासन शरीर के लिए बहुत लाभकारी है और इससे शरीर मजबूत और सुडौल होता है।

**********************

देवघर श्रावणी मेले में कांवरियों की सुविधा के लिए झारखंड–बिहार सीमा पर दुम्मा से खिजुरिया तक कांवरिया पथ पर सवा दो करोड़ रुपये का बालू बिछाया जायेगा। राज्य सरकार ने दूसरे वर्ष भी कांवरिया पथ पर गंगा का बालू बिछाने का निर्णय लिया है। सुल्तानगंज के समीप गंगा से महीन बालू मंगवाकर इस सड़क पर बिछाया जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने बालू बिछाने का टेंडर फाइनल कर दिया है।

**********************

हज यात्रा के लिए एक लाख पचहत्तर हजार भारतीय जायरीन मक्का और मदीना पहुंच चुके हैं। यहां पहुंचे लोगों के लिए भारत सरकार ने विशेष इंतजाम किये हैं। भारतीय हज कमेटी से पहुंचे लोगों को मदीना के मर्काजिया क्षेत्र के होटलों में ठहराया गया है। यहां उनके जलपान की व्यवस्था भी की गई है। भारत तैंतीस हजार जायरीनों को जेद्दाह से मक्का के बीच तीन सौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हाईस्पीड ट्रेन से पहुंचाने वाला पहला देश बन गया है। मोबाइल ऐप से सारी जानकारियां और शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। भारतीय हज यात्रियों के लिए पहली बार 24 घंटे बस सेवाओं की व्यवस्था की गई है।

**********************

देवघर स्थित जैप–पांच में प्रशिक्षण ले रहे जिला बल के हवलदार रामजीत तिवारी की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। रामजीत पलामू जिले के उटांरी थाना क्षेत्र के भादुमा के रहने वाले थे। हवलदार के पुत्र ने बताया कि उनके पिता पिछले दस जून से जैप–पांच में प्रशिक्षण ले रहे थे। उन्हें पिछले कई वर्षों से मधुमेह की बीमारी थी, जिसका इलाज चल रहा था।

**********************

झारखंड भीषण गर्मी की चपेट में है। लू से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग ने लोगों को बेवजह घर से नहीं निकलने का आग्रह किया है। विभाग ने आज और कल के लिए पलामू और कोल्हान प्रमंडल में हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है। शेष जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों में

राज्य के चार जिलों का तापमान चौवालिस डिग्री सेल्सियस पार कर गया। वहीं राजधानी रांची में अगले दो दिनों तक आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है।

***********************